This question paper contains **3** printed pages]

RN—261—2022

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Fourth Semester) EXAMINATION

MAY/JUNE, 2022

(New/CBCS Course)

HINDI

Paper-XIII

(आधुनिक कविता-भाग-2)

(Saturday, 2-7-2022) **Time : 2.00 p.m. to 5.45 p.m.**

Time— 3.45 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) "जीवन देकर जय खरीदना, जग में यही चलन है, 10
विजय दान करता न प्राण को रखकर कोई जन है।
मगर, प्राण रखकर प्रण अपना आज पालता हूँ मैं,
पूर्णाहुति के लिए विजय का हवन डालता हूँ मैं।"

अथवा

"पिस गया वह भीतरी 'औ' बाहरी दो
कठिन पाटों के बीच,
ऐसी ट्रेजिडी है नीच!!"

(आ) "वह हमें आकार देती है, 10
हमारे कोण, गलियाँ, अन्तरद्वीप, ऊभार, सैकतकुल,
सब गोलाइयाँ उसकी गढ़ी हैं। माँ है वह इसी
से हम बने हैं।"

P.T.O.

05923AE766A74B2966306DCA188CC8F9

अथवा

"बाबूजी! सच कहूँ- मेरी निगाह में
न कोई छोटा है, न कोई बड़ा है,
मेरे लिए, हर आदमी एक जोड़ी जूता है
जो मेरे सामने, मरम्मत के लिए खड़ा है।

2. "रश्मिरथी" में कवि ने पौराणिक कथा के माध्यम से वर्तमान समस्याओं की अभिव्यक्ति की है। इस कथन की समीक्षा कीजिए। 20

अथवा

'अंधेरे में' कविता केवल अस्मिता की खोज नहीं है बल्कि अस्मिता का जन-जन की चेतना में विस्तार है।' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) 'रश्मिरथी' के शीर्षक की सार्थकता। 10

अथवा

'असाध्यवीणा' का कथ्य।

(आ) 'रोटी और संसद' कविता का आशय। 10

अथवा

'हिरोशिमा' कविता का भावसौंदर्य।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **पंद्रह-बीस** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) भवानीप्रसाद मिश्र के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(*ii*) हरिवंशराय बच्चन का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(*iii*) रघुवीर सहाय का काल विशेष में स्थान निर्धारित कीजिए।

(*iv*) त्रिलोचनजी के साहित्यिक योगदान को स्पष्ट कीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) भवानीप्रसाद मिश्र के पिता का नाम क्या है ?

(*ii*) हिंदी के हालावादी कवि कौन हैं?

05923AE766A74B2966306DCA188CC8F9

(*iii*) त्रिलोचनजी का पूरा नाम क्या है?

(*iv*) श्री हरिओम पवार का जन्म कहाँ हुआ है?

(*v*) 'आत्महत्या के विरुद्ध' काव्यसंग्रह के रचनाकार कौन हैं?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5

(*i*) भवानीप्रसाद मिश्र की पहली रचना.........है।

(*ii*) 'मधुबाला', 'मधुशाला' के कवि.........हैं।

(*iii*) रघुवीर सहाय की साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त रचना.........है।

(*iv*) त्रिलोचनजी का मूल नाम.........है।

(*v*) देशभक्ति से ओतप्रेत कविताओं के लिए.........कवि प्रसिद्ध हैं।

05923AE766A74B2966306DCA188CC8F9